RNI NO. : 52419/91

चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 92 • 14:04:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

छठा दिवस

स्वरूप कात्यायनी

सूक्ष्म जगत जो अदृश्य, अव्यक्त है, उसकी सत्ता मां कात्यायनी चलाती हैं। वह अपने इस रूप में उन सब की सूचक हैं, जो अदृश्य या समझ के परे है। मां कात्यायनी दिव्यता के अति गुप्त रहस्यों की प्रतीक हैं।

आसमान में अब और बढ़ेगी भारत की ताकत

रक्षा मंत्रालय ने 97 तेजस का दिया ऑर्डर, थर्रा उठेंगे दुश्मन देश

नईदिल्ली (एजेंसी)। वायुसेना की क्षमताओं में इजाफा करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस (एलसीए एमके-1ए) के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को टेंडर जारी किया है। रक्षा मंत्रालय के इस कदम से दुश्मन देशों की परेशानियां बढ़ेंगी। इस टेंडर की लागत लगभग 67 हजार करोड़ बताई जा रही है। यह टेंडर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) द्वारा की एक बैठक के चार महीने बाद जारी किया गया है। इस बैठक में वायुसेना को अधिक तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों की आवश्यकताओं पर जोर दिया गया था। परिषद द्वारा उठाया गया यह कदम विमानों की जरूरतों के लिए भारत के खरीद नियमों के तहत हथियार और सिस्टम खरीदने की दिशा में पहला कदम है। बता दें इससे पहले वायुसेना ने फरवरी 2021 में 48,000 करोड़ रुपये में 83 एमके-1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया था।

विमानों की खरीद में हालिया टेंडर इस सिलसिले में दूसरी कड़ी मानी जा रही है। इन 83 लड़ाकू विमानों में से पहली खेप को वायुसेना को 31 मार्च तक वितरित किया जाना था, लेकिन प्रमुख प्रमाणपत्रों के कारण डिलीवरी में देरी हो गई है। यहां यह बताना जरूरी है कि पहले से ऑर्डर किए गए 83 लड़ाकू विमानों की पूरी डिलीवरी 2028 तक होने की उम्मीद है। लड़ाकू विमानों के लिए भारतीय वायुसेना की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए एचएएल ने एलसीए एमके-1ए के लिए नासिक में एक नई प्रोडक्शन लाइन स्थापित की है। एचएएल बेंगलुरु में हर साल 16 एलसीए एमके-1ए का निर्माण करता है और नासिक में प्रोडक्शन लाइन स्थापित होने से एचएएल 24 जेट प्लेन का उत्पादन कर सकेगा। बता दें एलसीए एमके-1ए, एलसीए एमके-1 का उन्नत संस्करण है, जिसे पहले ही वायुसेना में शामिल किया जा चुका है। एलसीए आने वाले दशक वायुसेना की लड़ाकू शक्ति की रीढ़ की हड्डी बनकर उभरने के लिए तैयार है।

बीजेपी आज संकल्प पत्र जारी करेगी, पीएम मोदी मौजूद रहेंगे

- मेनिफेस्टो में पार्टी उन्हीं वादों को शामिल करेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को संकल्प पत्र जारी करेगी। दिल्ली स्थित भाजपा हेडक्वार्टर में चुनावी मेनिफेस्टो जारी करने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी मेनिफेस्टो के लिए 25 जनवरी 2024 को जनता से सुझाव मांगे थे। पार्टी को अब तक 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नमो ऐप के माध्यम से 4 लाख और वीडियो के माध्यम से 11 लाख सुझाव मिले हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के घोषणा पत्र का विषय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर फोकस के साथ 'मोदी की गारंटी विकसित भारत 2047' होगा। पार्टी संकल्प पत्र में केवल उन्हीं वादों को शामिल करेगी, जो पूरे किए जा सके।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में मॉल में चाकूबाजी, 6 की मौत

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई शहर सिडनी के एक शॉपिंग मॉल में शनिवार को चाकूबाजी की घटना सामने आई। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि 9 महीने के बच्चे समेत कई गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस की फायरिंग में हमलावर भी मारा गया। घटना वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन शॉपिंग मॉल की है। असिस्टेंट कमिश्नर एंथनी कुक ने बताया, संदिग्ध हमलावर मॉल में स्थानीय

समयानुसार दोपहर 3 बजकर 10 मिनट (भारतीय समयानुसार सुबह 10.30 बजे) पर घुसा। इसके बाद वह कुछ देर के लिए बाहर गया और फिर 3 बजकर 20 मिनट पर वापस आकर लोगों पर हमला कर दिया। इस दौरान लोगों ने गोलियों की आवाज भी सुनी। सिडनी के पुलिस कमिश्नर एंथनी कुक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमलावर अकेले ही मॉल में घुसा था। उसके साथ कोई और व्यक्ति नहीं था। हमलावर से जुड़ी कोई जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। हमले की वजह के बारे में भी फिलहाल नहीं पता है। टीम जांच कर रही है। हमले की जानकारी मिलते ही मॉल पहुंची पुलिस टीम में एक महिला अफसर भी थी।

केजरीवाल से आमने-सामने नहीं मिल सकतीं पत्नी सुनीता

- सांसद संजय सिंह ने तिहाड़ प्रशासन के आदेश पर उठाया सवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनकी पत्नी से मिलने नहीं दिया जा रहा है। पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पति अरविंद से आमने-सामने मुलाकात की अनुमति मांगी थी लेकिन वगह नहीं मिली। दोनों को आदेश के मुताबिक खिड़की के माध्यम से ही मिलने की इजाजत है। संजय सिंह ने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि यह कैसा अमानवीय व्यवहार है। संजय सिंह ने कहा कि जेल का नियम 602 और 605 ये कहता है कि किसी की भी मुलाकात आमने-सामने करवाई जा सकती है। दिल्ली में संजय सिंह ने कहा कि बहुत खतरनाक अपराधियों को भी उनकी बैरक में मुलाकात करने की अनुमति होती है, लेकिन दिल्ली के तीन बार के मुख्यमंत्री को अपनी पत्नी से बीच में शीशे से लगी खिड़की के जरिए मिलने के लिए मजबूर किया जा रहा।

एक झटके से गरीबी हटाने का राहुल ने फिर किया दावा

बस्तर में कहा-जितना 70 करोड़ लोगों के पास धन, उतनी 22 लोगों की संपत्ति

जगदलपुर (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकारी आई तो महा लक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। हर परिवार से हम एक महिला को चुनेंगे। इसके बाद हर महीने बैंक खाते में साढ़े 8 हजार रुपए डाले जाएंगे। यानी एक साल में 1 लाख रुपए मिलेंगे। इस तरह एक झटके में हम देश से गरीबी मिटा देंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमारी सरकार आई तो महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण देंगे। आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय डबल करेंगे। राहुल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमने किसानों को पैसा दिया, वही हम देश में करेंगे। जैसे ही हमारी सरकार आएगी, सबसे पहला काम किसानों की कर्ज माफी का होगा। किसानों को सही दाम मिलेगा, वो भी कानूनी गारंटी के साथ। कांग्रेस सांसद ने ये भी वादा किया कि अमीर घरों के बच्चे काम करने से पहले एक साल की अप्रेंटिसशिप करते हैं। जिसके लिए उन्हें पैसा भी मिलता है। अब भी अप्रेंटिसशिप का अधिकार लाने जा रहे हैं। जिनके पास भी डिग्री, डिप्लोमा है, हम उन्हें अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमारी सरकार आएगी तो हम जातीय जनगणना कराएंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि पूरा

का पूरा धन 2-3 फीसदी लोगों के पास जा रहा है। आप जीएसटी देते हैं, लेकिन जब आपका पैसा बांटा जाता है तो आपके लोग उसमें हैं ही नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि देश की बड़ी कंपनियों का मालिक आपको न तो फायदा देगा और न ही जीएसटी का हक। वही लोग बड़े मीडिया संस्थान चलाते हैं, वही लोग बड़े शिक्षा संस्थान चलाते हैं। देश की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं। बजट बनता है तो यही तय करते हैं कि किस सेक्टर में कितना बांटना है। मैंने पता लगाया तो पता चला कि उन 90 अफसरों में से 1 आदिवासी वर्ग का है। देश के बजट में 100 रुपए खर्च होते हैं तो आदिवासी अफसर 10 पैसे का फैसला लेता है।

इजरायल-ईरान संकट पर और गहराया जंग का खतरा!

अमरीका ने भी कर ली तैयारी, तैनात कर दिए युद्धपोत

तेहरान (एजेंसी)। मिडिल-ईस्ट में तनाव एक बार फिर से चरम पर है। आशंका है कि ईरान 24 घंटे के भीतर इजरायल पर हमला कर सकता है। इसे देखते हुए इजरायली सरकार भी अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। खुफिया सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई रविवार तक हो सकती है। माना जा रहा है कि तेहरान की ओर से इस अभूतपूर्व हमले से युद्ध छिड़ सकता है। दरअसल, ईरान अपनी एक इमारत पर घातक बमबारी के बाद जवाबी हमले की तैयारी में है। मगर, इसे लेकर इजरायल का दावा रहा कि वह उसके हितों के खिलाफ खतरों से जुड़ी थी। तेहरान की ओर से बदला लेने की चेतावनी के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल को भरपूर समर्थन देने की बात कही है। रिपोर्ट के

मुताबिक, यूएस ने इजरायल और अमेरिकी बलों की रक्षा के लिए अतिरिक्त मिलिट्री असेट्स भेजी है। नौसेना के एक अधिकारी ने बताया, 2 नौसेना विध्वंसक जहाजों को पूर्वी भूमध्य सागर में भेजा गया है। इनमें से एक यूएसएस कार्नी है, जो लाल सागर में हूती ड्रोन और एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ हवाई रक्षा कर रहा था। साथ ही, यूएस ने इस क्षेत्र में शत्रुता पर लगाम लगाने की कोशिशों को दोगुना कर दिया है। इसके लिए ईरान के मित्र देशों से भी बातचीत चल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी इसे लेकर इजरायल को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के जल्द ही हमला करने की आशंका है। मगर, उन्होंने ऐसा न करने की अपील भी की। बाइडन ने एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं पूरी तरह से सत्यापित जानकारी तो नहीं दे रहा, मगर आशंका है कि जल्द से जल्द ऐसा हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति से पूछा गया कि इजरायल पर हमला करने को लेकर ईरान को उनका क्या संदेश क्या है। इस पर बाइडन ने कहा, ऐसा मत करो। सूत्रों ने कहा कि ईरान गाजा पट्टी में युद्धविराम सहित अपनी मांगें पूरी होने तक इससे पीछे हटने वाला नहीं है।

यह भी कहा कि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत फिर से शुरू करना चाहता है। ईरान अमेरिका से यह आश्वासन भी चाहता था कि वह नियंत्रित हमले की स्थिति में शामिल नहीं होगा, जिसे अमेरिका ने कथित तौर पर खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि गत 1 अप्रैल को इजरायल ने सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास के कांसुलर एनेक्सी पर हवाई हमला किया। हमले से इमारत नष्ट हो गई। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने कहा कि हमले में 2 कमांडर सहित उसके सात सदस्य मारे गये हैं। इसके बाद ईरान ने इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई है।

कर्नाटक में ऑपरेशन लोटस की तैयारी कर रही बीजेपी!

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी लोकसभा चुनाव से पहले दक्षिणी राज्य में ऑपरेशन लोटस चलाने की कोशिश में है। इंडिया टुडे से बातचीत में सिद्धारमैया ने दावा किया, भाजपा ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायकों को तोड़ने के लिए 50 करोड़ रुपये की पेशकश की। हालांकि, हमारे नेताओं ने इसे नकार दिया। भाजपा नेताओं का कहना है कि अगर कांग्रेस कर्नाटक में लोकसभा चुनाव हार

जाती है तो सिद्धारमैया सरकार गिर जाएगी। इसे लेकर सवाल किया गया तो सिद्धारमैया ने कहा, वे पिछले एक साल से मेरी सरकार को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं। हमारे विधायकों को 50 करोड़ रुपये का ऑफर दिया गया। उन्होंने पूरी कोशिश की मगर असफल रहे। सीएम सिद्धारमैया ने कहा, हमारी सरकार का गिरना संभव नहीं है। हमारे विधायक साथ नहीं छोड़ेंगे। एक भी विधायक कांग्रेस छोड़कर नहीं जाएगा। सिद्धारमैया ने कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस सरकार अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया को भले ही पूर्ण बहुमत न मिले, लेकिन एनडीए को पर्याप्त सीट नहीं मिलेंगी।

बेंगलुरु ब्लास्ट के आरोपी 10 दिन की पुलिस रिमांड पर

- बंगाल से हुई थी गिरफ्तारी, सीसीटीवी फुटेज में होटल रूम बुक करते आए नजर

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट के दोनों आरोपियों की शनिवार को बेंगलुरु की स्पेशल एनआईए कोर्ट में पेशी हुई। जहां से दोनों को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। कोर्ट लाने से पहले दोनों को मेडिकल टेस्ट हुआ। एनआईए ने 12 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले से दोनों को गिरफ्तार किया था। इनके नाम अब्दुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब हैं। 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर लाए गए दोनों आरोपियों को पहले बेंगलुरु के फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी डायरेक्टरेट में रखा गया। एनआईए के मुताबिक, 1 मार्च को शाजिब ने कैफे में आईईडी रखा था, जबकि ताहा ने इसका पूरा प्लान तैयार किया था। एनआईए ने 5 अप्रैल को बताया था कि मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपी और अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपी है। दोनों ही कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं। शनिवार को ताहा और शाजिब का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वे कोलकाता ड्रीम गेस्ट हाउस में 23 मार्च को होटल बुक करते नजर आ रहे हैं। दोनो आरोपियों का एक वीडियो ड्रीम गेस्ट हाउस के रिसेप्शनिस्ट अशरफ अली ने पुलिस को दिया। उन्होंने बताया- वे 25 मार्च को आए और अपना पहचान पत्र दिखाया। फिर हमने उन्हें एक कमरा दिया। 28 मार्च को दोनों ने होटल से चेकआउट किया। अशरफ ने कहा- जब एनआईए की टीम यहां आई तो उन्होंने एंट्री रजिस्टर देखा और जांच शुरू की। हम होटल के अंदर खाना नहीं देते इसलिए वे दोनों बाहर खाना खाने जाते थे। उन्होंने पैसे दिए और केवल एक कमरा बुक किया।

देश के लिए समाधान नहीं समस्या है कांग्रेस: योगी

कहा-भ्रष्टाचार, आंतकवाद, नक्सलवाद, सब कांग्रेस की ही देन

सीएम योगी बोले-यूपी में बदमाशों की जगह जेल या जहन्नुम

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस समाधान नहीं समस्या की पार्टी है। कहना था कि भारत की आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश के लिए अनेक समस्याएं खड़ी की हैं। कहा कि भ्रष्टाचार, आंतकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद आदि मुद्दे कांग्रेस पार्टी की ही देन है। कांग्रेस के कार्यकाल पर उंगली उठाते हुए सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या विवाद भी कांग्रेस की ही देन है। लोकसभा चुनाव के दौरान उत्तराखंड के हल्द्वानी में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए आई है। कांग्रेस पर जमकर प्रहार करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए थे, जो बहुत ही शर्मनाक बात है। चाहे तीन तलाक की बात हो या फिर जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो, कांग्रेस ने हमेशा से ही सवाल खड़े किए हैं। सीएम योगी का कहना था कि पीएम मोदी के कार्यकाल में देश का विकास हुआ।

कश्मीरी विस्थापितों को चुनाव आयोग का तोहफा

वोट डालने को लेकर दूर कर दी उनकी बड़ी समस्या

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के जम्मू और उधमपुर जिलों के कश्मीरी प्रवासियों को चुनाव आयोग ने बड़ी राहत दी है। अब इन्हें लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए फॉर्म एम भरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आयोग ने पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए विस्थापित लोगों के लिए मौजूदा मतदान योजना में बदलाव का आदेश दिया है। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में प्रत्येक संसदीय और विधानसभा चुनाव से पहले घाटी के विस्थापित मतदाताओं के लिए यह फॉर्म भरना अनिवार्य था। निर्वाचन आयोग की ओर से बीते गुरुवार को यह नई व्यवस्था घोषित की गई। इसके अनुसार, जम्मू और उधमपुर के विभिन्न शिविरों या क्षेत्रों में कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं को अब फॉर्म एम भरने की जरूरत नहीं होगी। इसके बदले, वे उस क्षेत्र के विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान कर सकेंगे, जहां वे पंजीकृत हैं या रह रहे हैं। चुनाव आयोग ने इसके साथ ही, प्रवासी लोगों के 'फॉर्म एम' दाखिल करने की प्रक्रिया को भी आसान बना दिया है।

वंदे भारत जैसी ही सुविधा किराया राजधानी से भी कम

- अब 50 अमृत भारत ट्रेनें चलाने की तैयारी कर रहा रेलवे

नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे बोर्ड ने चालू वित्तीय वर्ष में आम रेल यात्रियों के लिए 50 अमृत भारत ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। सभी ट्रेनों में स्लीपर-जनरल कोच होंगे। केसरिया रंग की इन अमृत भारत ट्रेनों को पुल-पुश तकनीक से 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पर दौड़ाया जाएगा। औसत गति अधिक होने के कारण यह ट्रेनें राजधानी एक्सप्रेस से भी कम समय लेंगी। इनके कोच में सुविधाएं मेल-एक्सप्रेस से बेहतर होंगी। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) में अमृत भारत ट्रेनों के कुल 1230 कोच का उत्पादन करने का फैसला किया गया है। इसमें स्लीपर श्रेणी (एलडब्ल्यूएससीएच) के 600 कोच, जनरल श्रेणी (एलडब्ल्यूएस) के 440 कोच और गार्ड-स्लीपर श्रेणी (एलएसएलआरडी) के 130 कोच का उत्पादन किया जाएगा। इस प्रकार

वित्तीय वर्ष में कुल 50 अमृत भारत ट्रेनों को चलाया जाएगा और इनके कोच स्लीपर-जनरल होंगे। यानी अमृत भारत आम रेल यात्रियों की ट्रेनें होंगी। अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में दो अमृत भारत ट्रेनें आनंद विहार-अयोध्या और दिल्ली-दरभंगा के बीच चलाई जा रही हैं। चरणबद्ध तरीके से इनकी संख्या 52 तक करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल में अमृत भारत ऐसी ट्रेनें हैं जिसमें जर्क (झटके) नहीं लगेंगे। क्योंकि इसमें सेमी स्थायी कप्लर लगे हैं। यह एलएचबी तकनीकी का विकसित वर्जन है। पुल-पुश तकनीक होने के कारण अमृत भारत ट्रेनों की औसत रफ्तार अधिक होगी।

राजद का घोषणा पत्र जारी: देश में 1 करोड़ नौकरी का वादा, गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए

पटना, एजेंसी। तेजस्वी यादव ने शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में पूरे देश में 1 करोड़ नौकरी देने का वादा किया गया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर हमारी सरकार आएगी तो 15 अगस्त से पूरे देश में नौकरी देना शुरू करेंगे। राजद ने घोषणा पत्र में 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की भी बात की गई है। 200 यूनिट फ्री बिजली देने का भी वादा है। गरीब महिलाओं को साल में 1 लाख रुपए देने की बात भी कही गई है। राजद ने घोषणा पत्र में कहा कि सरकार बनी तो 10 फसलों पर एमएसपी लाएंगे। अग्निवीर योजना को बंद करेंगे, ड्यूटी के दौरान मौत होने पर अर्द्ध सैनिक बलों को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। राजद ने भागलपुर, पूर्णिया, रक्सौल, मुजफ्फरपुर और गोपालगंज में 5 नए एयरपोर्ट बनवाने का भी दावा किया है। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने राजद ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घोषणा पत्र जारी किया। राजद ने इसे परिवर्तन पत्र का नाम दिया है।

2024 में जनता से 24 वादे किए गए हैं : तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान हमने घोषणा पत्र में जो वादे किए थे, वो 17 महीने में पूरे करने की कोशिश की। हमने जाति आधारित गणना करवाई। हमने कहा था कि तमिलनाडु की तर्ज पर आरक्षण सीमा बढ़ाएंगे,उसे भी पूरा किया। तेजस्वी ने कहा कि जो हम कहते हैं। उसे पूरा करते हैं। 2024 में जनता से 24 वादे किए गए हैं।

200 यूनिट फ्री बिजली, 500 में सिलेंडर की बात

तेजस्वी बोले– रक्षाबंधन से गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपए देंगे

घोषणा पत्र जारी करने के बाद तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा- आने वाली 15 अगस्त से देश के युवाओं को बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे। सरकार बनने पर इसी 15 अगस्त से 30 लाख रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 70 लाख नए पदों का सृजन किया जाएगा। यानि कुल 1 करोड़ युवाओं को नौकरी। इस आने वाली रक्षाबंधन के दिन से गरीब परिवार की महिलाओं को प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी

बीजेपी ने घोषणा पत्र को बताया झूठ की पोटली

पाटलिपुत्र से बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने राजद के घोषणा पत्र को झूठ की पोटली बताया। उन्होंने कहा कि 15 साल क्या हुआ सब जानते हैं। मैं भी उस वक्त वहां था। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में जो नौकरी दी गई है, वो सीएम ने दी की है। रामकृपाल यादव ने उस वक्त के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का बिना नाम लिए कहा कि वो मेरे पीछे ही रहते थे। एक दिन भी दफ्तर नहीं जाते थे। बीजेपी एक साल में 10 लाख नौकरी देगी। जनता राजद को नकार चुकी है।

23 सीट पर चुनाव लड़ रहे, पूरे देश का एजेंडा सेट कर रहे :जेडीयू

घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए जेडीयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि जो पार्टी 23 सीट पर चुनाव लड़ रही है, वो पूरे देश का एजेंडा सेट कर रही है। ये बताता है कि राष्ट्रीय जनता दल का नेतृत्व राजनीतिक रूप से नाबालिग है।

देश में 500 से ज्यादा लोकसभा की सीटें हैं, उनमें से आप केवल बिहार की 23 सीट पर लड़ रहे हैं, वो भी प्रदेश में 0 पर आउट होंगे। इंडी गठबंधन के बाकी दलों को छोड़ कर अकेले राष्ट्रीय एजेंडे की घोषणा करना ये बताता है कि आपके सामने कांग्रेस, माले और बाकी सहयोगी दलों की क्या औकात है।

संक्षिप्त समाचार

आरजेडी के पूर्व सांसद का छलका दर्द, मंच पर फूट-फूटकर रोए सरफराज आलम

पटना, एजेंसी। टिकट कटने का दर्द क्या होता है, ये तो नेताओं से ज्यादा भला कौन समझे। कोई टिकट कटने पर पार्टी छोड़ दे रहा है, तो कोई मंच पर ही आंसू बहा रहा है। एक ही तस्वीर देखने को मिली अररिया में जब लालू की पार्टी आरजेडी के पूर्व सांसद सरफराज आलम मंच पर समर्थकों को संबोधित करते हुए भावुक हो गए। और फूट-फूटकर रोने लगे। जिसके बाद वहां मौजूद उनके समर्थकों ने उन्हें संभाला। अपने पिता और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री तस्लीमुद्दीन को याद करते हुए सरफराज आलम की आंखें नम हो गई। औक आंखों से आंसू फूट पड़े। इस दौरान उन्होने लालू यादव और तेजस्वी पर भी भड़ास निकाली। आपको बता दें राजद ने अररिया से सरफराज आलम के छोटे भाई शाहनवाज आलम को प्रत्याशी बनाया है। आरजेडी के पूर्व सांसद सरफराज आलम के रोने का वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वो मंच पर रोते हुए दिख रहे हैं। वहां आस-पास खड़े लोग और उनके समर्थक उनके आंसू पोंछ रहे हैं। और शातं करा रहा है। सरफराज आलम पर अररिया समेत कई जिलों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सरफराज आलम ने लालू यादव पर टिकट बेचने का भी आरोप लगाया है। वहीं इससे आरजेडी के ही पूर्व सांसद अशफाक करीम ने भी पार्टी का साथ छोड़ दिया है। और राजद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होने भी लालू पर मुसलमानों की हकमारी का आरोप लगाया है। कटिहार से टिकट न मिलने से वो भी नाराज चल रहे थे। और फिर आज उन्होने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अशफाक करीम के नीतीश की पार्टी जेडीयू में शामिल होने की संभावना है।

जेएलएनएमसीएच के पूर्व एचओडी पैथोलॉजी डॉ. के कुमार का निधन

भागलपुर, एजेंसी। शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ. कृष्णानंद कुमार उर्फ के कुमार का शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे 85 साल की उम्र में बड़ी पोस्ट ऑफिस स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। डॉ. के कुमार न केवल नामी पैथोलॉजिस्ट थे, बल्कि वे जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके निधन से आईएमए भागलपुर के पदाधिकारी व सदस्यों समेत अन्य चिकित्सकों ने शोक जाहिर किया है। डॉ. के कुमार के पौत्री के पति डॉ. सुदर्शन कुमार ने बताया कि डॉ. के कुमार की पत्नी राजकुमारी देवी शहर के प्रतिष्ठित एमएस कॉलेज में सोशियालॉजी की प्रोफेसर रह चुकी हैं। डॉ. के कुमार के तीन पुत्र हैं, इनमें से एक पुत्र बाहर रहते हैं। डॉ. कुमार को सात दिन पहले हार्ट अटैक हुआ तो उन्हें बड़ी पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे उन्हें दोबारा हार्ट अटैक आया और जब तक उन्हें बचाने का प्रयास किया जाता, तब तक उनका निधन हो चुका था। उनका शनिवार की सुबह नौ बजे बरारी घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

19 वार्डों का जलस्तर गिरा, वाटर टैंकर्स सुरक्षित रखे जाएंगे

भागलपुर, एजेंसी। गर्मी के मौसम को देखते हुए संभावित जलसंकट क्षेत्र के वार्डों में सभी खराब चापाकल की मरम्मत एक सप्ताह के अंदर कराने का निर्देश पीएचईडी को दिया गया है। डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा भवन में भागलपुर में जलापूर्ति को लेकर पीएचईडी के कार्यपालक अभियंताओं से जानकारी ली गई। डीएम ने कम जलस्तर वाले क्षेत्र में पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्रेशर पंप के माध्यम से जलापूर्ति को दुरुस्त कराने के निर्देश भी दोनों कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया। समीक्षा में कार्यपालक अभियंता ने बताया कि वैसे 19 वार्ड चिह्नित किए गए हैं। जहां जलस्तर नीचे है। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए वाटर टैंकर्स सुरक्षित रखे जाएं। साथ ही उसके लिए वाटर फिलिंग स्टेशन चिह्नित किए जाएं।

उद्यमियों को ऋण देने में बैंक की कोताही उजागर

भागलपुर, एजेंसी। उद्यमियों को ऋण देने की योजना पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई को बैंक ने ही असफल किया है। इसका खुलासा शुक्रवार को समाहरणालय के समीक्षा भवन में डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में हुआ। डीएम ने पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई के आवेदकों के निष्पादन को लेकर डीआईसी, एलडीएम और सभी बैंकों के जिला समन्यकों के साथ बैठक की। बैठक में पीएमईजीपी के स्वीकृत आवेदन की तुलना में ऋण वितरण की संख्या में अंतर पाया गया। बताया गया कि 70 स्वीकृत आवेदकों को पीएमईजीपी का ऋण वितरण नहीं किया जा सका है। यही स्थिति पीएमएफएमई की रही। एसबीआई के जिला समन्वयक ने बताया कि 397 आवेदनों की स्वीकृति की गई थी। जिनमें से 297 को ऋण वितरण किया गया। आवेदन स्वीकृत होने के बावजूद 100 आवेदकों को ऋण मुहैया नहीं कराए जाने के संबंध में बैंक की ओर से बताया गया कि आवेदकों द्वारा मार्जिन मनी जमा नहीं किया गया। डीएम ने जानना चाहा कि इसका सत्यापन किसके द्वारा किया गया है।

मुजफ्फरपुर में लोगों पर पड़ा मौसम का प्रभाव: सर्दी खांसी और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी

जिला में लू का अलर्ट जारी

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। उतर बिहार में अप्रैल महीने में मौसम के तापमान लागातार वृद्धि हो रही है। इस दौरान राज्य स्वस्थ्य समिति के द्वारा मुजफ्फरपुर जिले के लिए लू का अलर्ट जारी कर दिया गया है।गर्मी का हाल कुछ ऐसा है कि हीटस्ट्रोक के मामले बढ़ते नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर जिला स्वास्थ विभाग अलर्ट मोड पर है। इस दौरान कई सावधानियां बरतने को कह रही है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि इस दौरान तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए।बाहर जाने से पूरी तरह से खुद को बचाना चाहिए।यदि फिर भी धूप में जाना पड़ रहा हो तो इस दौरान धूप से सिर को बचाने के लिए इसे ढक कर रखें। सिर पर ढीले और हल्के रंग के कपड़ों का इस्तेमाल करें ताकि हवा आ सके।इस मौसम का बुरा प्रभाव खासकर छोटे बच्चे और बुजुर्ग व्यक्ति पर होने की संभावना जताई गई है।इस क्रम में सदर अस्पताल में मरीजों की संख्य में वृद्धि भी हुई है। रोजाना 1000 की संख्या में लोग सर्दी खांसी और बुखार से पीड़ित मरीज आ रहे है। जिनका उचित इलाज किया जा रहा है।इस दौरान अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी गई है। इस प्रकार के मरीजों को दवा के साथ एंटीबायोटिक दवा भी दी जा रही है। सिविल सर्जन डॉक्टर अजय कुमार ने बताया कि शरीर को हाइड्रेटेड रखें और लगातार पानी का उपयोग करें। नारियल पानी, जूस, लस्सी और छाछ जैसे पेय पदार्थ का लगातार उपयोग करते रहें।खाने में ठंडा फल खाएं जैसे मौसमी फल, नमक और पानी का इस्तेमाल जरूर करें. ज्यादा गर्मी लगे तो दिन में 2 बार स्नान करें लेकिन सीधे धूप से आकर तुरंत ना नहाएं।किसी भी प्रकार के तनाव को लेने से बचें। प्रतिदिन योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करें।

बिहार के रहने वाले आईआईटीछात्र की संदिग्ध मौत

पंखे से लटका मिला शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

समस्तीपुर, एजेंसी। आईआईटी गुवाहाटी में बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले सौरभ नाम का छात्र अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाया गया। वह समस्तीपुर के मोहनपुर का रहनेवाला था। परिजन शुक्रवार शाम शव लेकर समस्तीपुर पहुंचे। कामरूप एसपी ने रंजन भुइयां ने बताया कि छात्र ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि उसकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। प्रथमदृष्टया ऐसा नहीं लगता कि इसमें कोई गड़बड़ी है। हालांकि, हम अधिक जानकारी जुटाने के लिए जांच कर रहे हैं। छात्र का शव का पोस्टमार्टम के बाद उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि छात्र का शव बुधवार रात सुरक्षा गार्डो को मिला। उस वक्त सौरभ का रूममेट बाहर था। पुलिस ने सुसाइड नोट को फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजा है। पुलिस को संदेह है कि छात्र ने तनाव के कारण आत्महत्या की है। वहीं, पीड़ित परिवार ने संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि जिस पंखे से लटके होने की बात कही जा रही है, वह पंखा डैमेज नहीं है। घटना का जानकारी देते हुए एसपी, कामरूप रंजन भुइयां ने बताया कि छात्रावास के कमरे में सौरभ का शव फंदे से लटका हुआ मिला। वह कंप्यूटर विज्ञान विभाग में दूसरे सेमेस्टर का विद्यार्थी था। कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। वहीं इस पूरे मामले में छात्र के परिजन अनहोनी की आशंक जता रहे हैं। उनका कहना है कि कमरे का सामान बिखरा हुआ है। और पंखा भी डैमेज नहीं है। परिजनों आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की आशंका जता रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ईद की बंदी के बाद मायागंज अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

भागलपुर, एजेंसी। गुरुवार को ईद के कारण जिले के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी बंद रहा। शुक्रवार को ओपीडी खुला तो मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। मायागंज अस्पताल के ओपीडी में 1852 मरीजों ने इलाज कराया। शुक्रवार की सुबह आठ बजे ही मरीज इलाज के लिए पहुंचकर रजिस्ट्रेशन की कतार में लग गये थे। पूर्वाह्न 11 बजते-बजते ओपीडी में 850 मरीजों का इलाज हो चुका था। बावजूद रजिस्ट्रेशन, दवा, जांच व इलाज की लाइन लंबी ही थी। जल्दी के चक्कर में मरीज आपस में उलझ गये तो पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे ओपीडी के दवा वितरण काउंटर पर एक मरीज व उसके परिजनों ने हंगामा कर दिया। दरअसल एक मरीज लाइन के बगल से आया और सीधे दवा की खिड़की पर दवा लेने पहुंच गया। मरीज ने हंगामा किया तो उसे मजबूरन फिर से लाइन में लगना पड़ा।

बच्ची का इलाज कराने आई महिला का पर्स ले उड़ा चोर

ओपीडी में अपनी बच्ची का इलाज कराने आई महिला का चोरों ने पर्स उड़ा दिया। मिरजानहाट निवासी लक्ष्मी देवी ने बताया कि वह अपनी बेटी का इलाज कराने के लिए आई थी। इलाज के लिए वह रजिस्ट्रेशन की लाइन में खड़ी थी। रजिस्ट्रेशन के लिए जब वह पैसा देने के लिए बैग में हाथ डाला तो पर्स गायब मिला। तब उसे पता चला कि किसी चोर ने उसके बैग को चीरकर अंदर रखा पर्स चुरा लिया है। पर्स में करीब दो हजार रुपये नकदी व एक सोने की नथ थी। इस बाबत मायागंज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि सुरक्षाकर्मी व सीसीटीवी कैमरा लगा रहने के बावजूद ओपीडी भवन के अंदर चोरी की वारदात होना गंभीर है। इसको लेकर जल्द ही विभागाध्यक्षों, ओपीडी के हेल्थ मैनेजर, सुरक्षा एजेंसी के पदाधिकारियों से संग बैठक कर इसके रोकने के उपाय पर चर्चा होगी।

बम बनाते वक्त ब्लास्ट, एक बच्चे की मौत, 3 घायल, दहशत में घर छोड़कर भागे गांववाले

बांका, एजेंसी। बांका जिले के धोरैया के अहीरो गांव में शुक्रवार की शाम बनाते वक्त बम के फटने से एक बच्चे की मौत हो गई और तीन बच्चे गंभीर हैं। घटना में मो. इस्माइल के पुत्र मुस्तफा (10) व कुर्बान (8) और मोहम्मद सद्दाम के पुत्र सना उल्ला (5) व मो. असिशहनाई के पुत्र अबू हनीफा (7) गंभीर रूप से जख्मी हो गये। सूचना मिलते ही धोरैया थानाध्यक्ष अशोक कुमार दलबल के साथ अहीरो गांव पहुंचे और सभी जख्मी बच्चों को एंबुलेंस से धोरैया अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सक डॉ मेनिका ने सभी बच्चों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। मायागंज में देर रात इलाज के दौरान कुर्बान की मौत हो गयी। पुलिस ने इस्माइल के घर से बम बनाने का सामान भी बरामद किया है। मो. इस्माइल के घर में जोरदार धमाका हुआ। धमाके के पल भर के अंदर ही चीत्कार के साथ पूरा गांव दहल उठा। इस्माइल का पूरा घर सहित पड़ोस धुआं से भर गया। बच्चे जख्मी हालत में इधर-उधर भागने लगे। वहां पहुंची पुलिस पड़ोस की करीब आधा दर्जन महिलाओं को पूछताछ के लिए थाना ले गई है। एसपी, बांका डॉ सत्यप्रकाश ने बताया कि अहीरो गांव में बम फटने से चार बच्चे के जख्मी होने की सूचना है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

बम बनाने के दौरान विस्फोट होने की आशंका है। जांच के बाद जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। बम फटने से गांव के चार बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। धमाके के बाद पहले तो लोगों को समझ नहीं आया कि हुआ क्या है। जिस घर में धमाका हुआ वह घर सहित पड़ोस का घर भी धुआं से भर गया। धुआं खत्म हुआ तो घायल सभी बच्चे को उनके परिजन घर ले गए। उधर घटना के बाद पड़ोस के सभी गालियां खून से लाल हो गयी।

घटना में जख्मी हुए बच्चे के अलावे बड़े लोगों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। बड़े लोग किसी तरह जख्मी हालत में पुलिस से बचने को लेकर भाग खड़े हुए। वहीं घटना के बाद उस मोहल्ले के लगभग लोग अपना-अपना घर छोड़ भाग गए। जिसके बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी जखूमी बच्चे को धोरैया अस्पताल भेजा। घटना में जख्मी हुए बच्चे के अलावे बड़े लोगों के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने सभी घर की जांच करते हुए पड़ोस की करीब आधा दर्जन महिलाओं को जांच पड़ताल के लिए थाना ले गई है। वहीं घटना के बाद गांव में भारी संख्या में पुलिस कैंम्प कर रही है।

चापाकलों की मरम्मत 7 दिनों में करना होगा पूरा :गर्मी के मौसम को देखते हुए डीएम ने दिए निर्देश

19 वार्ड किए गए हैं चिह्नित

भागलपुर, एजेंसी। भागलपुर में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए संभावित जल संकट क्षेत्र के वार्डों में जहां का जलस्तर कम है। वहां के सभी चापाकलों की मरम्मती सात दिनों में कराने, प्रेसर पम्प के माध्यम से जलापूर्ति को दुरुस्त कराने के निर्देश पीएचईडी के दोनों कार्यपालक अभियंता को जिलाधिकारी ने दिया है। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा बताया गया कि वैसे 19 वार्ड चिह्नित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए वॉटर टैंकर्स सुरक्षित रखा जाए साथ ही उसके लिए वॉटर फिलिंग स्टेशन चिह्नित किया जाए। साथ ही टैंकर्स ऑपरेटर का नाम और मोबाइल नंबर की जानकारी प्रेस के माध्यम से दी जाए। पंचायती राज विभाग के नल जल योजना की जो भी बोरिंग अकार्यरत है उन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए गए। कहा कि विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत सरकार भवन, सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक खुला स्थल में नया चापाकल लगाने की पहली प्राथमिकता दी जाए। पीएचडी विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया की 297 चापाकल की मरम्मती की गई है। जिलाधिकारी ने इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से सत्यापन करवाने के लिए निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया कि कितने चापाकल खराब हैं। इसका जांच कर रिपोर्ट प्राप्त करे।

सबौर और इलाके में जल संकट

जिलेभर में दर्जनों जगह जल संकट की समस्या है यहां पर नल जल योजना के तहत पेयजल की व्यवस्था तो की गई है। लेकिन धरातल पर नहीं दिख रहा है। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश भी है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि सबौर के सरधो पंचायत में बीते 15 सालों से 400 ऐसे परिवार है जिन्हें शुद्ध पर जल की व्यवस्था अभी तक जिला प्रशासन की ओर से नहीं की गई है जिसको लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखी जा रही है। सीएम नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत इलाके में पाइपलाइन एवं जल मीनार तो बनाई गई लेकिन 400 परिवारों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया।

डीएम ने 33 लोगों पर लगाया सीसीए लोकसभा चुनाव को लेकर की गई कार्रवाई

नालंदा, एजेंसी। लोकसभा चुनाव व रामनवमी के अवसर पर शांति बनाये रखने के लिए जिलाधिकारी के द्वारा 33 लोगों पर सीसीए लगाकर थाना बदर कर दिया गया है। इन्हें नियमित रूप से दूसरे थाने में उपस्थिति दर्ज करवानी होगी। नालंदा डीएम शशांक शुभंकर के न्यायालय में सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया गया है। 33 में से एक आरोपित को पटना जिला के एक थाना में उपस्थिति दर्ज करवाने का आदेश दिया गया है। सबसे अधिक बिहारशरीफ के ही लोगों पर कार्रवाई की गयी है। लहेरी थाना क्षेत्र के 11 तो बिहार थाना क्षेत्र के नौ लोगों को थानाबदर किया गया है। कल्याण बिगहा-कुंदन कुमार उर्फ आदित्य कुमारकरायपरसुराय-विपिन कुमार उर्फ विपिन यादवबिहार-शहनवाज उर्फ राजा, प्रह्लाद चौधरी, नवल किशोर यादव, रामाश्रय यादव, मकसूद यादव उर्फ केशर उर्फ मकसुदन, शकील अहमद, जाहिद, शमीम उर्फ शामो, पवन कुमार लहेरी-सल्लु उर्फ भूरा, छोटू स्वर्णकार उर्फ हल्लो, रवि कुमार, मनीष पांडेय, डोभी स्वर्णकार उर्फ महेश स्वर्णकार, टेनी साव, रिजवान कुरैशी, गुड्डू कुमार, तबरेज मल्लिक, जोकन कुमार, चुन्नु मालाकार,बिन्द-दिलीप यादव, राजु कुमार उर्फ रज्जु बिन्द उर्फ राजेश उर्फ डॉक्टर, नीतीश कुमार उर्फ टुसरी, मुन्ना चौधरीमानपुर-सुनील यादव, सोनू कुमार उर्फ सोनू यादव, दिलीप पासवान, राजीव यादवपरवलपुर-संजीत कुमार, शंकर सिंहचंडी-राजीव कुमार जिलाधिकारी ने सभी थाना अध्यक्षों को इन लोगों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

संक्षिप्त समाचार

अखिल भारतीय संतमत सत्संग का आध्यत्मिक उत्सव

भंडारा में शामिल होंगे सैकड़ो लोग

चाण्क्य भूमि(कनकलता)। बेतिया।अखिल भारतीय संतमत सत्संग के बैनर तले शनिवार को बेतिया के सत्संगी भाई अखिलेश्वर प्रसाद की देखरेख में सत्संग का आयोजन किया गया।इसमें भंडारा में शामिल होने जा रहे सत्संगी भाइयो बहनों की भागीदारी रही।सबसे पहले सतगरूदेव जी की याद में भजन किया गया।फिर सभी सत्संगी भाई बहन अपने अपने इष्ट की याद में चले गये।सत्संगी प्रोफ़ेसर गगनदेव प्रसाद यादव ने बताया कि इस सत्संग में ऊँ शांति का जाप जिह्वा से नही अपितु हृदय से किया जाता है।उन्होने बताया कि किसी एक इष्ट की पूजा की जाती है।संध्या पूजन व सत्संग के बाद गुरु का प्रार्थना किया गया।इस मौके पर श्री एवं श्री मति गगनदेव प्रसाद,जवाहर लाल गुप्ता, मालती देवी,शत्रुघन प्रसाद,अशोक झा,ब्रजभूषण श्रीवास्तव मनोज कुमार ,कामिनी देवी कनक श्रीवास्तव,सत्येन्द्र श्रीवास्तव,अंजलि श्रीवास्तव,सत्त्यम श्रीवास्तव समेत अन्य सत्संगी भाई बहनों की भागीदारी रही।बताते चले की अखिल भारतीय संतमत सत्संग के बैनर तले फरीदाबाद जिला के अनंगपुर आश्रम में भंडारा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।जिसमे सभी सत्संगी भाई बहनों की भागीदारी होगी।

शहीदों को याद कर जलियांवाला बाग कांड 105 वीं जयंती मनाई गई

रोलेक्ट एक्ट के तरह आज भी केंद्र सरकार बना रहे हैं काला कानून व आज भी दोहराये जा रहे है जलियांवाला बाग कांड - किरण देव यादव

खगड़िया। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के तत्वाधान में 105 वीं जलियांवाला बाग दिवस पर रेलवे जंक्शन चौक अवस्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा कोटि-कोटि नमन किया गया, तथा शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, शहीद क्रांतिकारी अमर रहे, नारों को बुलंद किया गया। देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेज हुकूमत द्वारा रॉलेक्ट एक्ट कानून के विरोध में आयोजित सभा पर जनरल ओ डायर ने अंधाधुंध गोलियां चलवा कर हजारों लोगों को शहीद कर दिया, इसका बदला उधम सिंह भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद ने मिलकर लंदन में जनरल ओ डायर को गोली मारकर लिया। श्री यादव ने कहा कि आज भी रॉलेक्ट एक्ट के तरह जनविरोधी तीन कृषि बिल, न्यू बिजली बिल, न्यू लेबर एक्ट, न्यू लैंड एक्ट, न्यू वाहन एक्ट, सीएएफ, एन आर सी जैसे काला कानून लाकर दिल्ली के बॉर्डर पर जलियांवाला बाग कांड के तरह ड्रोन से हमला कर 755 किसानों की हत्या की गई। उन्होंने कहा कि फासीवाद पूंजीवाद धर्मबाद जुमलेबाज के खिलाफ 2024 के आसन्न लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को कुर्सी से उखाड़ फेंकने की जरूरत है। अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाओं को एकजुट होकर केंद्र सरकार के खिलाफ गोलबंद होने की जरूरत है। अभियान के संयुक्त सचिव लालमणि सदा ने कहा कि आज शोषित पीडित वंचित गरीब अल्पसंख्यकों को संगठित होकर अधिकार की लड़ाई तेज करने की जरूरत है। कार्यक्रम में निखिल कुमार, अखतर कुमार, संजीव कुमार, सबो देवी, गोरख कुमार, आज से नयन यादव, राजेश कुमार आदि ने शहीदों के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

फरार चल रहे वारंटी गिरफ्तार

बखरी बेगूसराय। बखरी पुलिस ने एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकाश कुमार राय ने बताया कि मोहनपुर निवासी हरदेव सिंह के पुत्र कुंदन सिंह को एएसआई उमेश यादव ने गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार व्यक्ति पर कोर्ट द्वारा एनबीडब्लू वारंट निर्गत था।

आंगनबाड़ी केंद्र में अध्यक्ष का हुआ चुनाव

छौराही बेगूसराय। छोराही प्रखंड के सावत पंचायत के पंचायत भवन परिसर के वार्ड 10 मेंस्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 26 मैं शनिवार को अध्यक्ष का चुनाव वार्ड सदस्य राकेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। सेविका पार्वती कुमारी ने उपस्थित बच्चों की मां एवं गर्भवती महिला को हाथ में मेहंदी लगाकर लोक सभा चुनाव के लिए जागरूकता अभियान करने का आह्वान किया। एलएस पूजा कुमारी के उपस्थिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए किरण कुमारी सदस्य पूजा देवी नेहा कुमारी प्रतिभा कुमारी का नाम घोषित किया गया। एलएस श्रीमती कुमारी ने बताया कि सेविका को केंद्र संचालक विधिवत करने मीनू के मुताबिक बच्चों को मध्यान भोजन देने का निर्देश दिया गया है।

टोला सेवक की पत्नी हुई गायब, थाने में सूचना देकर बरामद करने की लग रही पुलिस से गुहार

छौराही बेगूसराय। छोराही थाना क्षेत्र के मालपुर पंचायत अंतर्गत लखन पट्टी गांव से नव विवाहित एक बच्चे की मां जो टोला सेवक की पत्नी थी उसका गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते लखन पट्टी गांव निवासी टोला सेवक मोहम्मद मंसूर ने बताया कि मेरा निकाह करंट टाइम समय में समस्तीपुर जिला अंतर्गत हसनपुर थाना के मोहद्दीनपुर गांव निवासी मोहम्मद बशीरुद्दीन की पुत्री रूही खातून के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुकूल हुई थी। उसने बताया कि ग्राम पंचायत सिहमा निवासी इस्तखार उर्फ गोलू पिता मोहम्मद नौशादअपने अन्य दो सहयोगियों के साथ अगवा करके मेरी पत्नी को ले गया है लिखित आवेदन देकर थाने में शिकायत किया हूं। दूरभाष पर मोहम्मद इस्तखार उर्फ गोलू ने बताया कि लड़की अपने मर्जी से मुझे निकाह की है कोई जबरन नहीं किया गया है। हाल के दूरभाष पर आरोपी युवक के द्वारा लड़की से बात कराया गया उसने इस आवेदन का खंडन करते हुए पूर्व पति पर नहीं रखने का आरोप लगाते मर्जी से शादी करने की बात कबूल की है।

कामरेड भोलन पण्डित के श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि सभा

बेगुसराय। कामाथान भैरवार के भाकपा नेता कामरेड भोलन पंडित के श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया गया । कां देवेंद्र पंडित की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार अंजान ने कहा कि भोलन पंडित पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता थे । वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे । बीमारी की हालत में भी वे पार्टी के कार्यक्रम की न सिर्फ जानकारी रखते थे बल्कि उसमें भाग लेने के लिए दूसरे साथियों को भी प्रेरित करते रहते थे । उनके निधन से स्थानीय तौर पर पार्टी को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है । लोकसभा के इस चुनावी समर में उनका कमी हम सबको खलेगा । उन्होंने जो सपना देखा था उस सपने को साकार करने के लिए हमें भाजपा नेता गिरिराज सिंह को करारी शिकस्त देते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कामरेड अवधेश राय को हसिया गेहूं की बाली छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से विजई बनाना होगा । बेगूसराय का बेटा पार्लियामेंट में बेगूसराय का आवाज बने यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।पार्टी नेता कां श्याम बहादुर सिंह, उमेश सिंह, प्रमोद यादव, हरे कृष्णा यादव, योगी मोची सहित कई लोगों ने सभा को संबोधित किया ।कार्यक्रम के शुरुआत में ही उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई । कामरेड भोलन पंडित को लाल सलाम । हम तुम्हारे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे । कां भोलन पंडित अमर रहे जैसे गगन भेदी नारों के साथ सभा समाप्ति की घोषणा की गई ।

रामनवमी,चैती दुर्गा पूजा एवम श्रीहनुमान जन्मोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक

तेघड़ा बेगुसराय। तेघड़ा थाना रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा व श्रीहनुमानजी जन्मोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता तेघड़ा एसडीओ राकेश कुमार ने किया। मौके पर एसडीओ राकेश कुमार ने रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा एवं श्रीहनुमानजी जन्मोत्सव के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिया।

24 संसदीय क्षेत्र बेगुसराय नामंकन हेतु निर्देश जारी

चाणक्य भूमि। बेगुसराय

जिलानिर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाय पदाधिकारी, बेगूसराय श्री रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में 24-संसदीय क्षेत्र बेगूसराय, लोकसभा आम निर्वाचन-2024 बेगूसराय जिले के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल/राज्य राजनैतिक दल/इच्छुक नागरिकों के साथ नाम-निर्देशन से संबंधित बैठक आहूत की गयी।इस बैठक में अपर समाहर्त्ता, नोडल पदाधिकारी व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण मौजूद थे।बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा नाम निर्देशन से संबंधित आवश्यक दिशा-निदेश दिये।* अधिसूचना जारी करने की तिथि18.04.2024 (बृहस्पतिवार)* नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25.04.2024 (बृहस्पतिवार) नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा करने की तिथि 26.04.2024 (शुक्रवार) अभ्यर्थिताएँ वापस लेने की अंतिमतिथि 29.04.2024 (सोमवार* मतदान की तिथि13.05.2024 (सोमवार)* मतगणना तिथि 04.06.2024 (मंगलवार)वह तिथि जिसके पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जायेगा 06.06.2024 (बृहस्पतिवार)

नाम-निदशन दाखिल करने का समय- 11:00 बजे से 03:00 बजे नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने का स्थल समाहर्त्ता न्यायालय कक्ष, बेगूसराय* उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल / राज्य राजनैतिक दल/इच्छुक नागरिकों को निदेश दिया गया कि नाम निर्देशन का पत्र प्रारूप-2 'क' में दाखिल किया जाय एवं प्रारूप-26 (अद्यतन) में शपथ-पत्र दाखिल करना अनिवार्य है तथा प्रारूप-26 का कोई भी स्तम्ब खाली रखने का निदेश नही दिया गया। शपथ-पत्र के सभी पन्नें पर अभ्यर्थी का हस्ताक्षर एवं नोटरी का स्टाम्प (पठनीय) लगा होना अनिवार्य होना चाहिए। यदि अभ्यर्थी उस निर्वाचन क्षेत्र में जहाँ से वह नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर रहे है, और निबंधित नहीं है तो, वह संबंधित निर्वाचन क्षेत्र जहाँ का वह निर्वाचक है, के निर्वाचक सूची में नाम प्रविष्ट होने संबंधी सत्यापित प्रति उपलब्ध करायेंगे। सामान्य कोटि के लिये प्रतिभूति की राशि के रूप में 25,000/- (पच्चीस हजार) एवं अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु प्रतिभूति की राशि 12,500/- (बारह हजार रूपये) निर्धारित है। अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण-पत्र दाखिल करना अनिवार्य होगा। प्रतिभूमि की राशि जिला निर्वाचन कार्यालय, बेगूसराय में नाजिर रसीद के माध्यम से अथवा भारतीय रिजर्व बैंक अथवा जिला कोषागार कार्यालय में जमा कर सकते है। प्रथम नाम-निर्देशन पत्र के साथ नाजिर की रसीद की मूल प्रति अथवा चलान की प्रति संलग्न करना एवं नाम-निर्देशन पत्र अधिकतम 04 (चार) सेट में दाखिल करना आवश्यक है, नाम-निर्देशन पत्र स्वयं अभ्यर्थी अथवा उनके प्रस्थापक के द्वारा निर्वाची पदाधिकारी अथवा सहायक निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल करेंगे। व्यय की अधिकतम सीमा राशि 95,000,00/- (पन्चानवे लाख) निर्धारित है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रपत्र A एवं B मूल में जमा करना है। नाम निर्देशन दाखिल करने से कम-से-कम एक दिन पूर्व बैंक खाता खुला होना चाहिए। यह बैंक खाता अभ्यर्थी का एकल अथवा अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता का यंयुक्त खाता होगा। पूरे चुनाव प्रक्रिया के दौरान यह ध्यान रखना होगा कि अभ्यर्थी का सभी निर्वाचन व्यय इसी खाता से संचालित होना चाहिए। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवार के लिए एक मात्र प्रस्थापक आवश्यक है। गर मान्यताप्राप्त पंजीकृत राजनैतिक दल एवं निर्दलीय उम्मीदवार के लिए दस प्रस्थापक का होना आवश्यक है। तथा नाम-निर्देशन पत्र में तिथि के साथ हस्ताक्षर होना, एवं सभी प्रस्थापकों का नाम 24-बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक सूची में अंकित होना अनिवार्य है। चारों नाम-निर्देशन पत्रों के लिए प्रतिभूति की राशि एक ही होगी। अभ्यर्थी का 03 माह पूर्व का खींचा हुआ पासपोर्ट आकार का फोटो (2cm breadth and 2.5cm in height) कुल 06 प्रति नाम-निदशन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। उक्त फोटो साधारण डस में होना चाहिए। टोपी / काला चश्मा आदि में नहीं होनी चाहिए। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर परिधि क अंदर नाम निदंशन पत्र दाखिल करने क दौरान अधिकतम 03 वाहन एवं निवाची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम 05 व्यक्तियों को आने की अनुमति मान्य होगी।यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई मामला न्यायालय में लंबित है या विगत में किसी मामलें में दोषसिद्ध हये है तो इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु समाचार पत्रों तथा टो०वी० चैनलों में ब्यारा देते हये घोषणा कम-से-कम तीन विभिन्न तारीखों को मतदान तिथि के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे की अवधि से पहले प्रकाशित किया जायेगा। अभ्यर्थी को प्रारूप-C1 में नाम वापसी की तिथि के पश्चात तीन विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित करना है। राजनैतिक दलों द्वारा उक्त घोषणा प्रारूप-C2 में प्रकाशित किया जायेगा। तथा प्रारूप-C5 में घोषणा के प्रकाशन के बारे में प्रतिवेदन उपलबध कराया जाना है। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के आदेशानुसार कम्युनिकेशन प्लान-सह-जिला हेल्पलाईन-सह-नियंत्रण कक्ष कोषांग की स्थापना कारगिल विजय सभा भवन के ऊपरी तल पर की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष 24X7 कार्यरत है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या निम्नवत् है :- **1.** 06243 - 220061
2. 06243 220063
3. 06243 222835

18 व 19 को लोकसभा के दो उम्मीदवारों की नॉमिनेशन को लेकर प्रशासन ने शोभा यात्रा का तिथि बदला

चाणक्य भूमि। बरौनी / बेगूसराय

कई दशकों से फुलवरिया दीनदयाल रोड काली स्थान से रामनवमी के शुभ अवसर पर निकलने वाली महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला की झांकी 21 अप्रैल को निकाली जाएगी।आचार संहिता व दो उम्मीदवारों के नॉमिनेशन को लेकर प्रशासनिक उथल-पुथल के कारण तथा उम्मीदवारों के नामंकन प्रक्रिया के कारण रामनवमी शोभा यात्रा की तारीख 21 अप्रैल करदी गई है।महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला की झांकी के लिए प्रशासन ने 21 अप्रैल की तारीख स्वीकृत किया। उप पुलिस अधीक्षक तथा महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला के सदस्यों की बैठक में प्रशासन के तरफ से प्रस्ताव रखा गया कि चुनावी माहौल है और आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में 18 तथा 19 अप्रैल को विभिन्न दलों के उम्मीदवारों का नामंकन प्रक्रिया है, जिस कारण प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त -दुरुस्त रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। इन दो तिथियों के अतिरिक्त तिथि को शोभायात्रा निकालने का अनुरोध किया। इस फर महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला के सदस्यों ने प्रशासन के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए शोभायात्रा की तिथि बढ़ाकर 21 अप्रैल (रविवार) करने पर सहमत हुए। जिससे शोभायात्रा के दौरान पर्याप्त सुरक्षाबल मुहैया हो सके और शोभायात्रा भलीभांति संपन्न हो सके।व्यायामशाला की झांकी में इस वर्ष कुछ खास रहेगा। महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार शोभायात्रा में व्यायामशाला के पूर्व सदस्यों और गुरूजी को सम्मान देते हुए उनके लिए एक समर्पित रथ बनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमे स्व० मकसूदन गुरूजी, स्व० सूरज गुरूजी, स्व० महेश प्रसाद गुप्ता गुरूजी, स्व०शिवानंदन शर्मान गुरु स्व० उमाशंकर गुप्ता ,जितेन्द्र कुमार उर्फ मुन्ना, आदि पूर्व सदस्यों को विशेष सम्मान दिया जाएगा।व्यायामशाला की पहचान और उनके सदस्यों में पूर्वजों के प्रति सम्मान देना इन युवाओं के अच्छे संस्कार को दर्शाता है, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना की जाती है। संस्था के सदस्यों में पूर्व सदस्य रामसेवक ठाकुर को बतौर संरक्षक एवं शांति का मार्ग दिखने वाले रामजीवन दास महंत को शस्त्र पूजन करने के लिए विशेष आमंत्रित किया गया है।

भगवानपुर थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का किया गया आयोजन

चाणक्य भूमि। भगवानपुर(बेगूसराय)

भगवानपुर थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का अयोजन अंचलाधिकारी रानू कुमार एवं थाना अध्यक्ष पवन कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी रानू कुमार ने बताया कि कुल चार मामले सामने आए जिसमे एक मामले में दोनो पक्ष उपस्थित थे जिसका निस्पादन दोनो पक्षों की उपस्थिति में किया गया एवं अन्य बचे तीन मामले में दोनो पक्षों को सूचित किया गया है अगले सप्ताह अगर दोनो पक्ष उपस्थित होते हैं तो दोनो पक्षों की उपस्थिति में अन्य बचे मामले का निष्पादन कर दिया जाएगा ।वही थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि जिस मामले का निष्पादन हो गया है उसमें किसी प्रकार का बिबाद दोनों पक्ष नही करेंगे।जो भी पक्ष विवाद करेंगे उनके विरुद्ध नियमा अनुसार करवाई की जाएगी। मौके पर ,ए एस आई अमित कुमार , राज्स्व कर्मचारी अरबिंद कुमार भारती, गोपाल कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद थे।

रामनवमी जुलूस के दौरान नही बजेगी डीजे, चैत्र नवरात्र मे ध्वनि यंत्र के लिए लेना होगा अनुमति– एसडीएम

चाणक्य भूमि। बखरी बेगूसराय

शनिवार को अनुमंडल सभागार में रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने कहा कि दोनों त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ मनायें। किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दे, प्रशासन से सत्यता की जानकारी लेने के बाद ही व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर करें। उन्होंने कहा कि रामनवमी जूलस में डीजे प्रतिबंधित है, एवं मेला के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र का अनुमति लेना आवश्यक है।जो रात्रि दस बजे तक ही उपयोग किये जायेंगे।एसडीपीओ कुंदन कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान मुख्य चौराहे पर मजिस्ट्रेट के साथ ही पुलिस बल तैनात रहेंगे। तथा मेला में विशेष गश्ती दल रहेगी। मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

मिथिला विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं के जटिल समस्याओं का जल्द निदान करें: कन्हैया कुमार

चाणक्य भूमि। मंझौल, बेगूसराय

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार सिंह गप्पू के नेतृत्व में शनिवार को बेगूसराय जिला समेत मिथिला विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से जुड़े हुए मुद्दे को लेकर कुल सचिव को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर राज्य विश्वविद्यालय संयोजक कन्हैया कुमार ने कहा कि मिथिला यूनिवर्सिटी के कुलसचिव से मिलकर शैक्षणिक मुद्दे को उठाया गया है। बेगूसराय के अंतर्गत महिला कॉलेज एवं आरसीएस कॉलेज, मंझौल में पीजी की पढ़ाई, अर्धनिर्मित महिला छात्रावास, चहारदिवारी, कर्पूरी स्टेडियम, लैंग्वेज लैब, पूछताछ केंद्र आदि समस्याओं को लेकर प्रमुखता से शैक्षणिक मांग को जल्द-से-जल्द पूरा करने का अनुरोध किया गया। अगर इन सारी समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने के लिए विवश होगी। मिथिला यूनिवर्सिटी महासचिव व प्रदेश सहमंत्री उत्सव पराशर ने कहा कि मिथिला यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आनेवाले सभी महाविद्यालय में समस्याएं गहराता जा रहा है। कुलसचिव से मिलकर महाविद्यालय के प्रमुख समस्याओं को अवगत कराते हुए जल्द-से-जल्द दूर करने की अपील की गई। अभाविप प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करते हुए कुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित ने कहा कि सभी महाविद्यालयों में इस भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की सुविधा, पूछताछ केंद्र, जहां पीजी की पढ़ाई नहीं हो रही है उस महाविद्यालय से पीजी की पढ़ाई हो इसके लिए सही रूप से जानकारी माँगी जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कैम्पसों को व्यवस्थित किया जाएगा एवं अन्य शैक्षणिक समस्याओं को दूर करने के लिए महाविद्यालय प्रशासन को विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा गाइडलाइन जारी करके सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर अमित कुमार सिंह, प्रणव कुमार, धीरज कुमार, कन्हैया कुमार, उत्सव पराशर आदि उपस्थित थे।

प्राणप्रतिष्ठा सह शतचण्डी यज्ञ में दिनभर चलता रहा हवन

चाणक्य भूमि। तेघड़ा बेगुसराय

तेघड़ा नगर परिषद् स्थित बजलपुरा भगवतीस्थान में प्राणप्रतिष्ठा सह शतचण्डी यज्ञ के दौरान शनिवार को दिन भर शतचण्डी यज्ञ और हवन चलता रहा । विद्वान ब्राह्मणों द्वारा शतचण्डी यज्ञ की आहूति दिलवाई गई। वही दूसरी तरफ यज्ञशाला की परिक्रमा करने वालों की भीड़ दिनभर लगी रही। वही दूसरी तरफ शुक्रवार की शाम महाआरती में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बनारस के पंडितों द्वारा किए जा रहे महाआरती में शाम से भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। वही कथावाचक सह यज्ञाचार्य पंडित श्री विजयकृष्ण जी महाराज के द्वारा श्रीमद्भागवत कथावाचन किया गया। तीसरे दिन उन्होंने भक्त प्रह्लाद प्रसंग का बखान किया गया। इसमें कथा में उन्होने व्यासपीठ से कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे। कथा का आगाज गुरु वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। ऐसी कई मिसालें हैं, जिससे सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा, हे नाथ नारायण गीतों के साथ श्रद्धालुओं से कहा कि जीवन में कठिनाइयों का सामना हो तो उसे भगवान का प्रसाद मानकर धारण करना चाहिए। सुख और दुख कर्मों का फल है जो समयानुसार ही सब को प्राप्त होता है। एक प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि सभी को एक ही अग्नि में जलाया जाता है चाहे वह अमीर हो या गरीब। अपने जीवन में अच्छे व्यक्ति की संगति करना। कथास्थल में श्रद्धालुओं मधुर गीत "जिंदगी एक किराए का घर है।" पर भाव विभोर नाचते गाते नजर आये। उन्होंने कथा के माध्यम से परमपिता परमेश्वर के ओर ले जाने का प्रयास कर रहे है। ये महानुभाव महापुरुष, देवी, देवताओं हमारे अतीत के जो अच्छे कृति है जो संस्कृति बनकर के आज भारत में विराजमान है। जिसका साधु, संत बखान अपनी वाणी में कर रहे ऐसे मौके को न गंवाए। अंत में श्रीमद् भागवत महापुराण की आरती कर भागवत कथा को विराम दिया गया।इस मौके पर संकीर्तन मंडली में प्रख्यात गायक धीरजकांत के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। जिससे पूरे गांव भक्तिमय माहौल बन गया। की सदस्यों ने प्रभु महिमा का गुणगान किया। मौके पर यज्ञ में यजमान के रूप में कन्हैया कुमार भारद्वाज, मंगल बाबा सनोज मिश्रा, डॉ. ओमप्रकाश फंटूश, अमन कुमार, प्रकाश कुमार, कन्हैया कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, योगेंद्र शर्मा, विनोद कुमार सिंह उपस्थित थे।

"दूल्हा का सेहरा सुहाना लगता है,दुल्हन का तो दिल दीवाना लगता है"

- माधोपुर में 11 कन्याओं की सामूहिक शादी सम्पन्न
- भंडारे में उमड़ी भीड़
- सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

बेतिया। माधोपुर में मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से शनिवार को 11 वर वधु वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परिणय सूत्र में बंधें।सामूहिक विवाह को देखने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ी। ट्रस्ट के संथापक संदीप तिवारी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 गरीब कन्याओं के हाथ पीले हुए। वर वधु को दान में मिले उपहार भी भेंट किया गया। वर वधु दोनो पक्षो के लिए भंडारा की व्यवस्था रही।शाकाहारी लजीज व्यंजन का स्वाद लोगो ने चखा। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन श्रीकांत दुबे,डॉ प्रमोद तिवारी एवं डॉ कुनाल कृष्णा ने मंच से वर वधु को आशीर्वाद दिया।राजनीतिक हस्तियां भी जुटी।अचार संहिता को लेकर नेतागण खुलकर सामने नही आये।रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम होगा।भोजन पंडाल में बड़ी भीड़ जुटी।ध्वनि विस्तार यंत्र से ग्रामीण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गये मंगलाचार और साहाना गीत बड़ा कर्ण प्रिय लगा।झूमते हुए मंडप में पहुंचे बाराती।

वर वधु जिन्होंने अग्नि के सात फेरे किये

रानी संग राजकुमार

लालमती संग महाबीर
बबिता संग राघव
खुशबू संग सत्येन्द्र
रिंकी संग अवधेश
आरती संग मुनचुन
काजल संग संतोष
संध्या संग मेघा
सावित्री संग छठु
कविता संग सूरज
पूनम संग आकाश

बिहार के 815 फर्जी नियोजित शिक्षकों की जाएगी नौकरी

जिलों से आई रिपोर्ट के आधार पर सेवा की जा रही है समाप्त

चाणक्य भूमि

बिहार में एक ओर जहां नियोजित शिक्षकों के राज्यकर्मी बनने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं दूसरी ओर फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी हासिल करने वाले नियोजित शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। पहले चरण में सक्षमता परीक्षा पास करने वाले 1.87 लाख से अधिक नियोजित शिक्षकों को योगदान करने की तिथि से राज्यकर्मी का दर्जा मिलेगा, वहीं फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने नियोजित शिक्षकों की सेवा समाप्त की जा रही हैं। शिक्षा विभाग की ओर से राज्य में फर्जी सर्टिफिकेट पर बहाल नियोजित शिक्षकों के बारे में जिलों से रिपोर्ट मांगी गई है। जिलों से आई रिपोर्ट की अब शिक्षा विभाग की ओर से समीक्षा की जाएगी। इसकी जांच होगी कि 815 फर्जी सर्टिफिकेटधारी शिक्षकों की सेवा अब तक समाप्त की गई या नहीं। 815 फर्जी सर्टिफिकेटधारी शिक्षकों में पटना में दो, भोजपुर में 21, कैमूर में एक, रोहतास में तीन, नालंदा में 21 सारण में 40, गोपालगंज में 51, मुजफ्फरपुर में 38, पूर्वी चंपारण में 12, वैशाली में 16, शिवहर में 10 और सीतामढ़ी में 35 नियोजित शिक्षक शामिल है। इसके अलावा पश्चिम चंपारण के तीन, दरभंगा के 17, मधुबनी के 69, समस्तीपुर के 55, मधेपुरा के चार, सुपौल के पांच, पूर्णिया के 16, अररिया के 2, किशनगंज के दो, भागलपुर के 116, बांका के 13, मुंगेर के 44, खगड़िया के 42, जमुई के 84, लखीसराय के 14, शेखपुरा के 16, गया के 17, औरंगाबाद के 28, अरवल के छह, जहानाबद के 11 और नवादा के एक शिक्षक की सेवा समाप्त की जानी है।

आरजेडी नेता वृषिण पटेल दिया इस्तीफा

कहा- राजद को समर्पित कार्यकर्ताओं की जरूरत नहीं

चाणक्य भूमि बेतिया

एक के बाद एक बड़े नेता राजद से इस्तीफा दे रहे हैं। इस क्रम में अशफाक करीम के बाद वृषिण पटेल ने राजद से इस्तीफा दे दिया है। वृषिण पटेल ने इस्तीफा देते हुए आरजेडी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस्तीफा पत्र में लिखा, आरजेडी को समर्पित कार्यकर्ताओं की कोई जरूरत नहीं है। आरजेडी की सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव में कोई आस्था नहीं। दुखित मन से आरजेडी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। बता दें कि वृषिण पटेल बिहार के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों में से एक हैं। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को पत्र लिखकर कहा कि मैंने महसूस किया है कि राष्ट्रीय जनता दल को समर्पित कार्यकर्ताओं की आवश्कता नहीं है। बहुत दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। इससे पहले पूर्व राज्यसभा सांसद अशफाक करीम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था, अशफाक करीम जेडीयू में शामिल होंगे।

साठी में रेल लाइन पर गिरा बिजली काताररेल यातयात बाधित

सप्तक्रांति और बांद्रा ट्रेन बेतिया में तीन घण्टे बिलंब से खुली

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

बेतिया।शनिवार को साठी रेलवे पर बिजली का तार टूट कर गिर जाने से ट्रेनों का परिचालन करीब तीन घंटो तक बाधित रहा।सप्तक्रांति सुपर फास्ट एक्सप्रेस अपने नियत समय से 02 घण्टे 20 मिनट बिलंब से बेतिया रेलवे स्टेशन पर पहुंची और घंटो खड़ी रही।इसके पूर्व सप्तक्रांति एक्सप्रेस मझौलिया रेलवे स्टेशन पर 45 मिनटों तक रुकी रही।इस दौरान रेलवे यात्री हलकान होते रहे।बेतिया रेलवे स्टेशन यह ट्रेन 03 बजकर 12 मिनट पर पहुंची और घंटो रुकी रही।वही बांद्रा सुपर फास्ट एक्सप्रेस चनपटिया रेलवे स्टेशन पर घंटो रुकी रही।सुगौली स्टेशन से लेकर नरकटियागंज जंक्शन बीच कई ट्रेनें फसी रही। मझौलिया तथा बेतिया स्टेशन का फुटहा तक चट हो गया।बताते चले कि बेतिया में एनोउंस किया गया कि सुगौली से स्पेशल रेलवे इंजिन मंगाकर ऑपरेटर मेकेनिक और इलेक्ट्रिसियन को भेजा गया है।मरम्मत कार्य जारी है।दुरुस्त होते ही ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जायेगा।बताते चले कि सुपरफास्ट सप्त क्रंति से सैकड़ो की संख्या में अखिल भारतीय संतमत सत्संग के भाई बहन दिल्ली रवाना होने के लिये सवार है।पूरी बोगी मझौलिया बेतिया के सत्संगी भाई बहनों से भरा है।

सत्संग करते सत्संगी भाई बहन

चिट्ठियां देगी संदेश स्लोगन के साथ

- "चलो चले करे मतदान
- जागरूकता की नई पहलकी शुरुवात की डीएम ने

चाण्क्य भूमि (कनकलता)

बेतिया। पश्चिम चंपारण के जिला पदाधिकारी व उपविकास आयुक्त सहीत स्वीप कोषांग के अभिकारियो के साथ 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव मे मतदान प्रतिशत बढाने के लिये व मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आज बेतिया मुख्य डाक ऑफिस से चलो चले करे मतदान का मुहर लगा इस महापर्व को मनाने के लिए और अधिक से अधिक भागीदारी देने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया । इस दौरान जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय और उपविकास आयुक्त प्रतिभा रानी ने देश प्रदेश से आए हुए चिट्ठीयो पर मुहर भी लगाया । इस संबंध मे जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया की आज के समय मे भी चिट्ठीया लोगो तक पहुचने का सबसे सशक्त माध्यम है ।2024 मे होने वाले लोकसभा चुनाव मे मतदान प्रतिशत बढाने के लिये स्वीप कार्यक्रम के तहत चिट्ठालोक पर मुहर लगा यह संदेश देने का कार्य किया जा रहा है ताकी अधिक से अधिक लोग इस मतदान का महापर्व मनाये । 25 मई 2024 को प.चम्पारण जिला के दो लोकसभा क्षेत्र वाल्मीकिनगर व प.चम्पारण सीट पर मतदान होना है ।

दिनेश कुमार राय (जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी प.चम्पारण)

शहीदों को याद कर जलियांवाला बाग कांड 105 वीं जयंती मनाई गई

किरण देव यादव ने कहा कि रोलेक्ट एक्ट के तरह केंद्र सरकार आज भी कृषि बिल, न्यू बिजली बिल, न्यू लेबर एक्ट, न्यू लैंड एक्ट, न्यू वाहन एक्ट, सीएएफ, एन आर सी जैसे काला कानून बनाकर आज भी जालियांवाला बाग कांड दोहरा रही है

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र

देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के तत्वाधान में 105 वीं जलियांवाला बाग दिवस पर रेलवे जंक्शन चौक अवस्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा कोटि-कोटि नमन किया गया, तथा शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, शहीद क्रांतिकारी अमर रहे, नारों को बुलंद किया गया।देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेज हुकूमत द्वारा रॉलेक्ट एक्ट कानून के विरोध में आयोजित सभा पर जनरल ओ डायर ने अंधाधुंध गोलियां चलवा कर हजारों लोगों को शहीद कर दिया, इसका बदला उधम सिंह भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद ने मिलकर लंदन में जनरल ओ डायर को गोली मारकर लिया। श्री यादव ने कहा कि आज भी रॉलेक्ट एक्ट के तरह जनविरोधी तीन कृषि बिल, न्यू बिजली बिल, न्यू लेबर एक्ट, न्यू लैंड एक्ट, न्यू वाहन एक्ट, सीएएफ, एन आर सी जैसे काला कानून लाकर दिल्ली के बॉर्डर पर जलियांवाला बाग कांड के तरह 755 किसानों की हत्या की गई। उन्होंने कहा कि फासीवाद पूंजीवाद धर्मबाद जुमलेबाज के खिलाफ 2024 के आसन्न लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को कुर्सी से उखाड़ फेंकने की जरूरत है। अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि किसान मजदूर छात्र नौजवान महिलाओं को एकजुट होकर केंद्र सरकार के खिलाफ गोलबंद होने की जरूरत है। अभियान के संयुक्त सचिव लालमणि सदा ने कहा कि आज शोषित पीडित वंचित गरीब अल्पसंख्यकों को संगठित होकर अधिकार की लड़ाई तेज करने की जरूरत है। कार्यक्रम में निखिल कुमार, अखतर कुमार, संजीव कुमार, सबो देवी, गोरख कुमार, आज से नयन यादव, राजेश कुमार आदि ने शहीदों के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

मानव कल्याण ट्रस्ट की बेहतरीन पेशकश

सांसद द्वय की रही भागीदारी

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

बेतिया।माधोपुर में सामूहिक विवाह के साक्षी बने सांसद डॉ संजय जायसवाल और राज्य सभा सांसद सतीशचंद्र दुबे।सांसद द्वय ने ट्रस्ट के कार्यो की सराहना की और कहा कि कन्यादान महादान है।इस्की जितनी भी प्रशंशा की जाय वह कम है।वर वधु को आशीर्वचन के बाद नेता द्वय चले गये।फिर शुरू हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का दौर।भंडारा में भी लोगों की भीड़ उमड़ी।देर रात तक लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।शांति व्यवस्था बनाये रखने में मझौलिया पुलिस सक्रिय दिखी।आचार्य पंडित उमेश तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजयमान रहा मंडप।

पुलिस ने एक वारंटी को भेजा जेल

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है | थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरीने बताया की न्यायालय के द्वारा वारंट निर्गत किया गया था | जिसके आलोक में छापेमारी करते हुए दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है | गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान लाल मांझी चौधरी पिता स्व0 अगहन मांझी गांव बकुलहिया थाना मानपुर निवासी के रूप में किया गया है | जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है |

आईसीडीएस के अनुसेवक के द्वारा महिला सेविका के साथ की गई छेड़खानी

चाणक्य भूमि

बगहा में एक सेविका के साथ ICDS कार्यालय में छेड़छाड़ के साथ 70 हजार रुपया की ठगी का मामला सामने आया है 1 प्रखंड के नया गांव रामपुर पंचायत के एक सेविका द्वारा कार्यालय के अनुसेवक पर यह आरोप लगाया है। इस सम्बंध में सीडीपीओ सावित्री दास द्वारा बताया कि शिकायत के बाद जांच को लेकर जिला पदाधिकारी के निर्देश पर चार सदस्य टीम का भी गठन कर पीड़ित का ब्यान दर्ज किया गया है। जबकि इस मामले में महिला थाना अध्यक्ष पुष्पा कुमारी के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर दफा 341, 323, 354, 354 बी और दफा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714